# पंचायत चुनाव के पहले अलर्ट मोड पर सपा, आरक्षण-परिसीमन पर रखेगी नजर



**लखनऊ, एजेंसी।** सपा पंचायत चुनाव के लिए खास तैयारियां कर रही है। पार्टी नेताओं का कहना है कि आरक्षण और परिसीमन के डाटा पर भी नजर रखी जा रही है, ताकि सत्ताधारी दल कोई गड़बड़ न कर सके। इसके लिए हर जिले में पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, प्रदेश मुख्यालय स्तर पर भी कुछ वरिष्ठ नेताओं को इस काम में लगाया गया है। ताकि, कहीं से कोई गड़बड़ की जानकारी मिलने पर उसे तत्काल चुनाव आयोग तक पहुंचाया जा सके।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पहले ही कह चुके हैं कि भाजपा के पास डाटा और तकनीक है। वे आईटी प्रोफेशनल्स की मदद ले रहे हैं। ऐसे में इससे इन्कार नहीं किया जा सकता कि सत्ताधारी दल डाटा का अपने मनमुताबिक इस्तेमाल करने की कोशिश करेगा। सूत्रों के मुताबिक, सत्ताधारी पार्टी परिसीमन में ग्राम पंचायतों का जातीय आंकड़ा प्रभावित करने की कोशिश करेगी। ताकि, वहां पीडीए के सपा के गुणा-भाग पर विपरीत असर डाला जा सके।

सपा इस पर भी नजर रखेगी कि न सिर्फ आरक्षण का पालन हो, बल्कि इसमें किसी तरह का खेल भी न हो सके। इसके लिए सपा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित भी किया जा रहा है, जिससे वे अपने ग्राम, क्षेत्र व जिलास्तर पर अधिकारियों के सामने अपना पक्ष मजबूती से कर सकें। सपा नेतृत्व का कहना है कि अगर कहीं कोई गड़बड़ी होती हुई दिखी तो चुनाव आयोग से लेकर कोर्ट तक का विकल्प अपनाया जाएगा।

# मऊ-मुंबई लोकमान्य तिलक टर्मिनस ट्रेन का एसी खराब होने से नाराज यात्री उबले

**प्रयागराज, एजेंसी।** मऊ-मुंबई लोकमान्य तिलक टर्मिनल ट्रेन संख्या-01124 की एसी खराब होने से नाराज यात्रियों ने पहले जौनपुर, वाराणसी और फिर प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर हंगामा किया। गर्मी से तमतमाए यात्रियों ने छिवकी में 6:30 बजे के करीब चेन पुल्लिंग कर ट्रेन रोका और एसी ठीक कराने की मांग पर अड़ गए। मौके पर पहुंची टेक्नीशियनों की टीम ने लगभग चार घंटे तक मशक्कत की, लेकिन एसी दुरुस्त नहीं किया जा सका। यात्रियों की मान मनौव्वल कर ट्रेन को रात 10:15 बजे रवाना किया जा सका। इससे पहले जौनपुर और वाराणसी में भी एसी ठीक करने के लिए करीब दो-दो घंटे ट्रेन को रोकना पड़ा था।

लोकमान्य तिलक टर्मिनस ट्रेन रविवार की सुबह सात बजे मऊ से मुंबई के लिए रवाना हुई थी। इस दौरान कोच संख्या बी-वन और बी-थ्री में एसी खराब था। दिन चढ़ने के साथ ही चिलचिलाती गर्मी के कारण यात्री परेशान हो उठे। उनका कहना



था कि एसी का किराया देने के बावजूद उन्हें गर्मी में यात्रा के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। सुबह करीब 10:00 बजे जब ट्रेन जौनपुर पहुंची तो यात्रियों ने हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची रेलवे की टीम ने एसी को दुरुस्त करने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए।

करीब दो घंटे ठहराव के बाद 12 बजे जौनपुर से ट्रेन रवाना हुई। इसके बाद जब ट्रेन वाराणसी पहुंची तो वहां भी ट्रेन को दो घंटे रोककर एसी ठीक करने का प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद शाम को 6:30 बजे जब ट्रेन छिवकी स्टेशन पहुंची तो यात्रियों का धैर्य जवाब दे गया। उन्होंने चेन पुलिंग कर ट्रेन को रोक दिया और फिर हंगामा करने लगे। इसके बाद खराब एसी को सुधारने के लिए एकबार फिर टेक्नीशियन टीम को मौके पर बुलाया गया। करीब चार घंटे मशक्कत के बाद भी एसी चालू नहीं किया जा सका। फिर किसी तरह यात्रियों को समझा बुझाकर ट्रेन को रवाना किया गया।

ट्रेन के बी-थ्री कोच में यात्रा कर रहे अविनाश कुमार, शुभम द्विवेदी, अनामिका सिंह और अन्य ने बताया कि मऊ से ट्रेन छूटने के समय से ही एसी खराब है। जौनपुर में रोककर बनाने का प्रयास किया गया। इसके बाद वाराणसी में भी ट्रेन रोकी गई तो एक अन्य कोच में भी एसी जवाब दे गया। छिवकी स्टेशन पर यात्रियों ने चेन पुल्लिंग की तो मौके पर जीआरपी, आरपीएफ की टीम और स्टेशन अधीक्षक पहुंचे। रेलवे अधिकारियों ने इसकी सूचना आगे डिवीजन को दी।

## संक्षिप्त समाचार

### मरीज पर ही रख दी ग्लूकोज की बोतल

**बाराबंकी, एजेंसी।** सिरौलीगौसपुर के संयुक्त चिकित्सालय में शनिवार दोपहर बड़ी लापरवाही देखने को मिली। सड़क दुर्घटना में घायल अयोध्या प्रसाद को इमरजेंसी वार्ड में भर्ती किया गया लेकिन उपचार के दौरान लापरवाही का आलम यह रहा कि ग्लूकोज की बोतल के लिए स्टैंड तक नहीं मिला। मरीज के ऊपर ही बोतल रख कर चिकित्साकर्मी भूल गए।



रामनगर क्षेत्र के मोती पुरवा मजरे लोहटी पसई निवासी अयोध्या प्रसाद (55) शनिवार को दवा लेने अस्पताल जा रहे थे। तभी बदोसराय के पास अचानक एक वाहन सामने आ गया जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ने से वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

अयोध्या प्रसाद के साथ मौजूद राज प्रकाश ने बताया कि संयुक्त चिकित्सालय में डॉक्टर ने टांके लगाने के बाद ग्लूकोज चढ़ाने की प्रक्रिया शुरू की, लेकिन स्टैंड नहीं मिला। इसके चलते बोतल को मरीज के ऊपर ही रख दिया गया। किसी तरह हाथ से पकड़कर ग्लूकोज चढ़वाया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. इकबाल अहमद ने कहा कि मरीज का इलाज किया गया, बेड भी दिया गया। टांके लगाने के बाद स्ट्रेचर पर कुछ देर मरीज रहा। हो सकता है उस दौरान स्टैंड न मिला हो। संबंधित से जवाब-तलब किया जाएगा।

### दो साल से एक भर्ती नहीं, अभ्यर्थियों ने उतारी आयोग की नजर, काले कपड़े में बांधकर मटकी टांगी

**प्रयागराज, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के गठन को दो साल हो चुके हैं और आयोग अब तक एक भी नई भर्ती का विज्ञापन तक जारी नहीं कर सका है। अभ्यर्थियों का कहना है कि बिना कुछ किए ही आयोग को नजर लग गई है। इसी वजह से उन्होंने नजर उतारने के लिए आयोग के गेट पर काले कपड़े में लिपटा मटका टांग दिया, जिससे धुआं भी निकल रहा था।




प्राथमिक शिक्षक भर्ती की मांग को लेकर शिक्षा सेवा चयन आयोग के सामने अभ्यर्थियों का धरना लगातार 12वें दिन भी जारी रहा। धरना का नेतृत्व कर रहे डीएलएड प्रशिक्षित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रजत सिंह ने कहा कि आयोग केवल आश्वासन देकर किनारा काट लेता है। 28 मई को आयोग के उपसचिव ने छात्रों के बीच आकर 10 दिन का समय मांगा गया था, लेकिन मियाद पूरी होने के बाद भी कुछ नहीं हुआ और अब आयोग के प्रतिनिधि छात्रों से बात करने से कतरा रहे हैं।

### कार सवार बदमाशों ने लिफ्ट देने के बहाने युवक से लूटपाट की

**बाराबंकी, एजेंसी।** राजधानी लखनऊ में कार सवार बदमाशों ने लिफ्ट देने के बहाने युवक को बैठा लिया। कुछ दूर जाने के बाद उसका पैसा, मोबाइल और कीमती सामान लूट लिया। उसके बाद घायल अवस्था में बाराबंकी के देवा कोतवाली क्षेत्र में फेंककर भाग गए। वह किसी तरह एक ढाबे में पहुंचा। वहां पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली।

जीत कुमार ने बताया कि वह सिद्धार्थनगर जिले के गोल्हौरा थाना क्षेत्र के करही खास गांव के रहने वाले हैं। वह मुंबई में प्राइवेट काम करते हैं। शनिवार को उन्हें सूचना मिली कि उनके पिता की हालत गंभीर है। डॉक्टरों ने भी जवाब दे दिया है। यह सुनकर वह फ्लाइट लेकर मुंबई से लखनऊ पहुंचे।

# जेके कैंसर में बनेगा नया भवन, तीन नए विभाग भी खुलेंगे, 14 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा गया

**कानपुर, एजेंसी।** जेके कैंसर इंस्टीट्यूट में तीन नए विभाग खुलने के मद्देनजर संस्थान का दायरा बढ़ाया जा रहा है। ओपीडी के बगल बने पार्क में नया भवन बनेगा। इससे नए विभाग खुलने में आसानी रहेगी। इंस्टीट्यूट प्रबंधन ने नए एकेडमिक और एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक के लिए 14 करोड़ रुपये का प्रस्ताव शासन को भेजा है। साथ ही विशेषज्ञों के चयन की प्रक्रिया शुरू हो रही है। रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग को संसाधन युक्त करने के लिए लीनियर एक्सीलेटर के लिए शासन को रिमाइंडर भेजा गया है। इससे रोगियों की सेंकाई में आसानी होगी।

कानपुर मंडल समेत आसपास के 18 जिलों के कैंसर रोगियों को संपूर्ण इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में जेके कैंसर इंस्टीट्यूट में कार्य शुरू हो गया है। पहली बार शासन ने तीन नए विभाग खोलने का आदेश जारी किया। साथ ही रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग को अपडेट किया जा रहा है। इन सभी विभागों के लिए पद भी सृजित कर दिए गए हैं। अब चयन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। जरूरत को देखते हुए प्रबंधन नए एकेडमिक और एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक का प्रस्ताव तैयार करके शासन को भेजा है। यह ब्लॉक




बनने से इंस्टीट्यूट के मुख्य भवन में जगह खाली हो जाएगी। इससे नए विभागों की व्यवस्था संचालन में आसानी होगी।

जेके कैंसर इंस्टीट्यूट के निदेशक एवं प्रोफेसर डॉ. एसएन प्रसाद ने बताया कि नए ब्लॉक के लिए शासन को प्रस्ताव भेज दिया गया है। नए विभागों को शुरू करने की तैयारी की जा रही है। नए विभागों के सृजित पदों पर विशेषज्ञों की भर्ती की तैयारी है। साथ ही रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग में नए अत्याधुनिक लीनियर एक्सीलेटर के लिए रिमाइंडर भेजा गया है। इसकी कीमत करीब 50 करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि जैसे ही विशेषज्ञ ज्वाइन करने लगेंगे, नए विभागों का कार्य शुरू हो जाएगा। संसाधन भी बढ़ेंगे तो कैंसर रोगियों को गुणवत्तापरक पूर्ण उपचार मिलेगा।

### ये विभाग खुलने हैं सर्जिकल ऑन्कोलॉजी

इसमें कैंसर सर्जरी के ही विशेषज्ञ डॉक्टर रहेंगे। इससे रोगियों की सटीक और बेहतर सर्जरी होगी। इस विभाग में डॉक्टर, नर्स आदि मिलाकर कुल स्टाफ 64 लोगों का होगा।

### एनेस्थेसिया विभाग

एनेस्थेसिया विभाग के खुलने से अधिक संख्या में ऑपरेशन होंगे। पेन क्लीनिक खुलेगा। रोगियों को दर्द से निजात दिलाएं, इंटेंसिव केयर मिलेगी। कुल स्टाफ 64 लोगों का है।

### पैथोलॉजी

कैंसर रोगियों की हर तरह की पैथोलॉजिकल जांचें होंगी। बायोप्सी से लेकर अत्याधुनिक विशेषज्ञता वाली जांचें भी होने लगेंगी। जांच के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। कुल स्टाफ 64 लोगों का है।


### रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग अपडेट होगा

विभिन्न कैंसर के रोगियों को सबसे अधिक जरूरत सेंकाई की होती। इसके खुलने से अधिक संख्या में रोगियों को लाभ मिलेगा। विशेषज्ञता वाली सेंकाई होगी। कुल स्टाफ 128 लोगों का है।

# बिजली का निजीकरणः विरोध में उतरे किसान और उपभोक्ता संगठन

**लखनऊ, एजेंसी।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति 22 जून को लखनऊ में बिजली महापंचायत करेगी। इसमें देशभर के किसान और उपभोक्ता संगठन शामिल होंगे। पदाधिकारियों ने बताया कि महापंचायत के एलान के बाद कई संगठनों ने समिति से संपर्क किया है। शनिवार को बिजली कर्मचारियों ने सभी जिलों परियोजनाओं और राजधानी में बैठक कर निजीकरण के विरोध में चल रहे आंदोलन को और तेज व मजबूत बनाने की रणनीति बनाई। समिति के पदाधिकारियों की रविवार को हुई बैठक में छह माह से चल रहे आंदोलन की समीक्षा की गई। साथ ही 22 जून को लखनऊ में होने वाली महापंचायत पर चर्चा की गई। इस दौरान पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि किसी भी कीमत पर निजीकरण मंजूर नहीं किया जाएगा।

निजीकरण के विरोध में प्रदेश में चल रहे आंदोलन के समर्थन में नौ जून को दिल्ली में नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक होगी। इसमें बिजली कर्मियों के चल रहे आंदोलन की समीक्षा के बाद राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। बैठक में ऑल इंडिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन, ऑल इंडिया पॉवर



डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज (एटक), इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया (सीटू), इंडियन नेशनल इलेक्ट्रिसिटी वर्कर्स फेडरेशन (इंटक), ऑल इंडिया पॉवर मेंस फेडरेशन व अन्य संगठन शामिल होंगे।

# अंतरिक्ष में नई इबारत लिखने को तैयार शुभांशु शुक्ला, पोस्टरों से सजाया गया उनका घर

**लखनऊ, एजेंसी।** भारत के अंतरिक्ष इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। 41 साल बाद भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला मंगलवार (10 जून) को सुबह एक्सिओम स्पेस के एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा पर रवाना होंगे। यह मिशन अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा और निजी कंपनी स्पेसएक्स की साझेदारी में संचालित किया जा रहा है।

शुभांशु शुक्ला यूपी के लखनऊ के रहने वाले हैं। उनकी इस उपलब्धि पर पूरे देश के साथ उनके घरवालों को भी गर्व है। उनके अंतरिक्ष रवाना होने से उनके घर को उनकी जीवन यात्रा से जुड़े पोस्टर लगाकर सजाया गया है। साथ ही इसमें उनको इस बड़ी उपलब्धि के लिए बधाई दी गई है। इनमें वह अलग-अलग कार्यक्रमों में दिख रहे हैं। किसी में प्रधानमंत्री मोदी उनका हौसला अफजाई कर रहे हैं। किसी में वह प्रशिक्षण स्थान पर दिख रहे हैं।

शुभांशु अंतरिक्ष स्टेशन के लिए एक्सिओम स्पेस के चौथे निजी अंतरिक्ष यात्री मिशन का हिस्सा बनकर इतिहास रचने जा रहे हैं। मिशन मंगलवार को सुबह 8:22 बजे लॉन्च होगा। यह फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से




उड़ान भरेगा।

यात्रा पर रवाना होने से पूर्व शुभांशु ने कहा, मिशन का हिस्सा बनना बेहद सौभाग्यशाली है। शुक्ला, जिन्हें %शक्स% उपनाम से जाना जाता है, अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय होंगे।

41 साल पहले उनके आदर्श राकेश शर्मा ने 1984 में तत्कालीन सोवियत संघ के सोयुज अंतरिक्ष यान पर सवार होकर आठ दिनों तक कक्षा में रहने के लिए अंतरिक्ष उड़ान भरी थी।

नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से अंतरिक्ष यान को भारतीय समयानुसार सुबह 6 बजकर 12 मिनट पर स्पेसएक्स के फॉल्कन 9 रॉकेट के जरिए लॉन्च किया जाएगा। इसके 28 घंटे की यात्रा के बाद 11 जून को रात 10 बजे (भारतीय समयानुसार) यान अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ेगा।


GRIHUM HOUSING FINANCE — Apna Ghar, Apni Pehchan.

**गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**
(पूर्व में पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड विदित)

पंजीकृत कार्यालयः 6वां तल, बी बिल्डिंग, गंगा ट्रुनो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014, शाखा कार्यालयः 2बी, 1617, दिल्ली रोड, महाराजा पैलेस के पास, अहमद बाग, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश- 247001

**ई-नीलामी बिक्री सूचना**
सुरक्षित अचल संपत्ति की बिक्री सरफैसी अधिनियम के अन्तर्गत

ई-नीलामी बिक्री सूचना सिक्योरिटाइजेशन और वित्तीय संपत्तियों के पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 ('अधिनियम') के तहत सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ सार्वजनिक को और विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/ बंधककर्ता(ओं)/गारंटर(रों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियाँ, जो **गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, जिसका नाम 17 नवम्बर 2023 से गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड में बदला गया है, और पहले मैग्मा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था और मूल रूप से GE मनी हाउसिंग फाइनेंस पब्लिक लिमिटेड कंपनी के नाम से स्थापित था)** द्वारा बंधक रखी गई हैं, (जो कि 'सुरक्षित ऋणदाता' के रूप में अधिनियम के तहत संदर्भित किया जाता है), जिनकी कब्जा अधिकारिता सुरक्षित ऋणदाता के अधिकृत अधिकारी द्वारा अधिनियम की धारा 13(12) के तहत सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 8 और 9 के साथ प्राप्त की गई है, और अधिनियम की धारा 13(2) के तहत नोटिस के बाद, उन्हें बेचा जाएगा।

बिक्री के विवरणः सुरक्षित संपत्तियाँ 'जैसा है जहाँ है', 'जैसा है जैसा है', और 'जो कुछ है वही है' के आधार पर **26.06.2025** को ई-नीलामी के माध्यम से बेची जाएँगी। यह सार्वजनिक को सूचित किया जाता है कि बिक्री https://www.bankeauctions.com. वेबसाइट पर प्रदान किए गए ई-नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी।

बिक्री के विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए, कृपया GHFL के/सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट पर दिए गए लिंक का संदर्भ लें: www.grihumhousing.com.

| क्र. सं. | प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम [ए] | मांग सूचना की तिथि एवं बकाया राशि [बी] | कब्जे का प्रकार [सी] | सम्पत्ति का विवरण [डी] | आरक्षित मूल्य [ई] | ईएमडी (आरक्षित मूल्य का 10%) [एफ] | ईएमडी प्रस्तुत करने की तिथि [जी] | वृद्धि बोली [ए] | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय [आई] | नीलामी की तिथि और समय [जे] | ज्ञात बंधन/कोर्ट मामले यदि कोई हों [के] |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **ऋण संख्याः HL00540000000005007433 संजय, नीलम** | **सूचना तिथिः 09.12.2024 कुल बकायाः रु. 12,58,159/-** (रुपये बारह लाख अट्ठावन हजार एक सौ उनसठ मात्र) 09.12.2024 तक भुगतान योग्य, साथ ही 14.00% वार्षिक ब्याज जो वास्तविकता तक लागू होगा। | **भौतिक** | ग्राम लखनोती अहतमल जदीड, परगना गंगोह, तहसील नकुड़, जिला सहारनपुर में स्थित प्लॉट जिसका एमपीएल नं. 670 है, माप 112.12 वर्ग मी. का सभी भाग तथा हिस्सा। **चौहद्दी इस प्रकार हैः पूर्वः** मीमा की सम्पत्ति, **पश्चिमः** 10 फीट चौड़ा रास्ता, **उत्तरः** लक्ष्मी की सम्पत्ति, **दक्षिणः** मीमा की सम्पत्ति। | **रु. 8,10,748/-** (रुपए आठ लाख दस हजार सात सौ अड़तालीस मात्र) | **रु. 81,074.8/-** (रुपए इक्यासी हजार चौहत्तर व अस्सी पैसे मात्र) | **25.06. 2025 को सायं 5 बजे से पहले** | **10,000/-** | **19.06. 2025 को (प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक)** | **26.06. 2025 को (प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक)** | **शून्य** |
| 2. | **ऋण संख्याः HF0540H21100141 मोहित कुमार (ऋणधारक) मीनाक्षी (सह-ऋणधारक)** | **सूचना तिथिः 07.01.2025 कुल बकायाः रू. 6,05,028/-** (रुपये छह लाख पाँच हजार अट्ठाईस मात्र) 07.01.2025 तक भुगतान योग्य, साथ ही 12.40% वार्षिक ब्याज जो वास्तविकता तक लागू होगा। | **भौतिक** | उस पूरे टुकड़े और भूखंड का वर्णन जिस पर मकान नंबर 28/2 बना हुआ है, जो भूखंड का माप 79.38 वर्ग मीटर है, स्थित है मोहल्ला कंजीमल, कस्बा सुल्तानपुर, तहसील व जिला सहारनपुर में, **चौहद्दी इस प्रकार हैः- पूर्वः** श्री कर्म सिंह का मकान। **पश्चिमः** 12 फीट चौड़ा रास्ता। **उत्तरः** श्याम सिंह पुत्र प्रसाद की संपत्ति। **दक्षिणः** राजू की सम्पत्ति। | **रु. 550000/-** (रुपये पांच लाख पचास हजार मात्र) | **रु. 55000/-** (रुपए पचपन हजार मात्र) | **25.06. 2025 को सायं 5 बजे से पहले** | **10,000/-** | **19.06. 2025 को (प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक)** | **26.06. 2025 को (प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक)** | **शून्य** |

इच्छुक बोलीदाता/खरीदारों को सूचित किया जाता है कि वे सुरक्षित ऋणदाता शाखा और नीलामी संपत्तियों का दौरा करें, और अपनी जांच स्वयं करें तथा अतिरिक्त शुल्क, बकाया राशि, और किसी भी तीसरे पक्ष के हितों को स्पष्ट कर लें। उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे नीलामी प्रक्रिया से पहले इन सभी पहलुओं से संतुष्ट हैं। संपत्ति से संबंधित सभी कानूनी देनदारियाँ जैसे संपत्ति कर, बिजली/पानी के बिल और अन्य बकाया राशि, यदि कोई हो, को सफल बोलीदाता द्वारा अदा किया जाएगा।

नीलामी प्रक्रिया के लिए आवश्यक पंजीकरणः इच्छुक बोलीदाता को पंजीकरण पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य है और इसके लिए वे लॉगिन आईडी और पासवर्ड एडवांस में प्राप्त करेंगे, जो ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आवश्यक है। पंजीकरण करने के लिए बोलीदाता को नीलामी सेवा प्रदाता C1 India Pvt Ltd से संपर्क करना होगा। सेवा प्रदाता का संपर्क विवरणः पताः प्लॉट नं 68, तीसरी मंजिल, गुड़गांव, हरियाणा-122003, हेल्पलाइन नंबरः 7291981124, 25, 26, ईमेलः Support@bankeauctions.com **सम्पर्क व्यक्तिः धरणी पी, ईमेलः dharani.p@c1india.com सम्पर्क नम्बरः 9948182222** । कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता केवल उनसे ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। आवश्यक दस्तावेज और पंजीकरणः इच्छुक खरीदार/बोलीदाता को गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के खाता में एर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (EMD) का भुगतान करना होगा। यह भुगतान NEFT/RTGS/DD के माध्यम से ICICI बैंक में किया जाएगाः बैंकः ICICI बैंक लिमिटेड, खाता नम्बरः 000651000460, IFSC कोडः ICIC0000006, पताः 20, R.N. मुखर्जी रोड, कोलकाता-700001, भुगतान की अंतिम तिथिः 25.06.2025 साथ ही, इच्छुक बोलीदाता को https://www.bankeauctions.com पर अपना नाम पंजीकृत कराना होगा और मुफ्त में उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा। बोलीदाता को सेवा प्रदाता से ई-नीलामी पर प्रशिक्षण भी प्राप्त करना होगा। पंजीकरण के बाद, बोलीदाता को निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रति अपलोड करनी होगी और स्वयं प्रमाणित हार्ड कॉपी को निम्नलिखित पते पर भेजना होगाः **पताः 2B, 1617, दिल्ली रोड, महाराजा पैलेस के पास, अहमद बाग, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश- 247001, मोबाइल नम्बरः +91 9657443073, ईमेल आईडीः rohan.savala@grihumhousing.com, अधिक जानकारी के लिएः नीलामी के शर्तों और नियमों के लिए, कृपया निम्नलिखित वेबसाइट पर जाएंः https://www.bankeauctions.com एवं www.grihumhousing.com पर जाएं और ई-नीलामी में भाग लें।**

**यह सूचना 15 दिन का नोटिस के रूप में माना जाए, जैसा कि सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम-2002 के नियम 8(6) के तहत उधारकर्ता/ सह-उधारकर्ता/ बंधककर्ता(ओं)/गारंटर(रों) को दिया गया है।**

तिथिः 10.06.2025 स्थानः सहारनपुर

हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी, गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड विदित)